हरिभूमि
# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 24 जनवरी 2026

04 बच्चों और नागरिकों ने खेल खेल में मनाया...



07 बसंत पंचमी पर ज्ञान और कला की देवी मां सरस्वती की वंदना कर...






## समाचार संक्षेप

### सरस्वती शिशु मंदिर में बसंत उत्सव व विद्यारंभ संस्कार का किया आयोजन

**चांचौड़ा** । सरस्वती शिशु मंदिर चांचौड़ा में बसंत उत्सव एवं विद्यारंभ संस्कार का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावकों द्वारा बच्चों का विधिवत विद्यारंभ संस्कार कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन-पूजन से हुआ, तत्पश्चात अतिथियों ने संस्कारयुक्त शिक्षा के महत्व पर विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विद्यालय के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भैया-बहनों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मांगीलाल शर्मा, अध्यक्षता मनोज पालीवाल एवं विशेष अतिथि अश्विनी शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बहन प्राची सुमन ने किया तथा आभार प्रदर्शन प्रधानाचार्य द्वारा किया गया।



### ग्राम माबन में हिंदू सम्मेलन का आयोजन भव्य रैली और कलश यात्रा निकाली गई

**गुना**। ग्राम माबन स्थित कोटेश्वर महादेव मंदिर पर हिंदू एकता को लेकर हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरे ग्राम में भव्य रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और ग्रामीणों ने भाग लिया।यह सम्मेलन पांच गांवों— माबन, टोरिया, पिपरिया, सिलवासा, गोरा खेजरा सहित आसपास के अन्य गांवों के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य कलश यात्रा के साथ हुई, जो पूरे गांव में भ्रमण करती हुई आयोजन स्थल पर पहुंची।इसके पश्चात बौद्धिक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने हिंदू एकता, सामाजिक समरसता और संस्कृति संरक्षण पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के समापन पर समरसता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें सभी उपस्थित जनों ने सहभागिता की।सम्मेलन में ग्रामीणों में उत्साह और एकजुटता देखने को मिली।



### कंट्रोल संचालकों की बैठक आयोजित प्रतिदिन दुकान खोलने के निर्देश

**गुना**। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं जिला आपूर्ति खाद अधिकारी अवधेश पांडे के निर्देशानुसार एसडीएम महेश कुमार बमहना व सहायक कनिष्ठ अधिकारी आशीष चतुर्वेदी ने एसडीएम सभाकक्ष में कंट्रोल संचालकों की बैठक ली। बैठक में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के कंट्रोल संचालक व सेल्समैन उपस्थित रहे। बैठक में शासन के निर्देशानुसार उचित मूल्य दुकानों को प्रतिदिन खोलकर समय पर राशन वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एसडीएम ने 26 जनवरी को ग्राम सभा आयोजित कर मुख्यमंत्री अन्न योजना के अंतर्गत "आपका राशन, आपका अधिकार" योजना का वितरण सुनिश्चित करने, उपभोक्ता सूची का वाचन करने तथा अनुसूचित जनजाति के हितग्राहियों को उज्ज्वला गैस योजना की जानकारी देने के निर्देश दिए।साथ ही ई-केवाईसी, वितरण बोर्ड व स्टॉक रजिस्टर संधारण के निर्देश दिए गए। बैठक में सहायक कनिष्ठ अधिकारी द्वारा ई-केवाईसी सूची उपलब्ध कराई गई। बैठक में संबंधित अधिकारी, वेयरहाउस प्रभारी एवं समस्त कंट्रोल संचालक उपस्थित रहे।



### नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर पुष्पांजलि सभा आयोजित

**आरोन**। गैर-समझौतावादी धारा के महान क्रांतिकारी नेता नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर आरोन के भगत सिंह चौक पर पुष्पांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्रांतिकारी पार्टी एसयूसीआई (सी) के सियाराम लोकल कमेटी सदस्य महेन्द्र नायक ने नेताजी के अदम्य साहस, प्रखर राष्ट्रवाद और शोषित-पीड़ित जनता के प्रति उनके असीम प्रेम पर प्रकाश डाला। नेताजी का संघर्ष एक ऐसे समाज के निर्माण के लिए था, जहां शोषण, भेदभाव और अन्याय का अंत हो। नेताजी के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।



### कृषि वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में विकासखंडों में कृषि रथ का किया जा रहा हैं संचालन

**गुना** । वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाये जाने के उपलक्ष्य में कृषि एवं संबंद्ध विषयो जैसे-पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन आदि पर किसानो एवं कृषि वैज्ञानिको के मध्य संपर्क कायम कर नवीन एवं वैज्ञानिक तकनीकी सुधार की जानकारी कृषकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार गुना के समस्त विकासखण्डो में कृषि रथ चलाये जा रहे हैं। आज म्याना, पदमनखेड़ी तथा लहरघाट के ग्रामों में कृषि रथ में उपस्थित दल द्वारा कृषकों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने तथा इससे होने वाले लाभों से कृषकों को अवगत कराया गया।

# गणतंत्र दिवस समारोह तैयारियों का कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन लाल परेड ग्राउंड, गुना में किया जाएगा। इसी क्रम में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी द्वारा कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने समारोह की संपूर्ण रूपरेखा की जानकारी प्राप्त कर आयोजन को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं गरिमामय ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह अनुशासन एवं राष्ट्रीय गरिमा के अनुरूप आयोजित किया जाए। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

कलेक्टर श्री कन्याल ने मैदान की साफ-सफाई, शासकीय योजनाओं पर आधारित विभिन्न विभागों की झांकियों की तैयारी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन तथा शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय सेवकों को सम्मानित किए जाने हेतु सूची समय-सीमा में तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शासकीय योजनाओं पर आधारित झांकियों को शहर में भ्रमण कराया जाए, ताकि आमजन को योजनाओं की जानकारी प्राप्त हो सके।कलेक्टर श्री कन्याल ने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले की सामाजिक संस्थाओं, संगठनों एवं समाजसेवियों को भी सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए नाम अपर कलेक्टर अखिलेश जैन को दिनांक 24 जनवरी 2026 तक उपलब्ध कराए जा सकते हैं। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक दुबे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुना शिवानी पाण्डे, डिप्टी कलेक्टर महिमा चौधरी, तहसीलदार जी.एस. बैरवा, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण संजय श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।




## गूंजे वैदिक मंत्र, हुए पूजा-हवन व विद्यारंभ संस्कार का आयोजन

# बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की साधना करने में श्रद्धालु रहे लीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

विद्या, विवेक और वाणी की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती के अवतरण दिवस बसंत पंचमी का पर्व जिले भर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर शहर सहित अंचल के मंदिरों, शैक्षणिक संस्थानों और विद्यालयों में सुबह से ही पूजा-अर्चना, हवन, वैदिक अनुष्ठान एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का सिलसिला शुरू हो गया, जो दोपहर तक चलता रहा। यह पर्व न केवल शीत ऋतु की विदाई बल्कि बसंत ऋतु के स्वागत का सजीव प्रतीक बनकर सामने आया ।बसंत पंचमी का दिन पूरी तरह मां सरस्वती को समर्पित रहा। पीले वस्त्रों, पुष्पों और प्रसाद से सजे मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं।

श्रद्धालुओं ने मां सरस्वती की प्रतिमाओं के समक्ष शीश नवाकर ज्ञान, विवेक और सद्बुद्धि की कामना की। वैदिक मंत्रोच्चार और हवन की पवित्र अग्नि से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो उठा।भारतीय संस्कृति एवं हिंदू परंपरा में बसंत पंचमी का विशेष महत्व है। यह पर्व ऋतु परिवर्तन के साथ-साथ मां सरस्वती के प्रकटोत्सव के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि इसी दिन मां सरस्वती ने सृष्टि को वाणी और ज्ञान प्रदान किया था। इसी परंपरा के निर्वहन में आज सुबह से ही मां सरस्वती के मंदिरों में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा।







### पीजी कॉलेज में विशेष पूजा-हवन का आयोजन

वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुरूप स्थानीय पीजी कॉलेज में मां सरस्वती की विशेष पूजा-अर्चना एवं हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ. वी.के. तिवारी, प्राध्यापक देवेंद्र भड़ेरिया सहित महाविद्यालय के अनेक स्टाफ सदस्यों ने सहभागिता की। मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा संपन्न कर हवन में आहुतियां अर्पित की गईं। इस दौरान विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य, सद्बुद्धि एवं ज्ञानवृद्धि की कामना की गई। अंत में मां सरस्वती की आरती के पश्चात प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन हुआ।इसी तरह शहर और अंचल के विभिन्न मंदिरों में भी भक्तों ने मां सरस्वती की आराधना की। कई स्थानों पर सामूहिक हवन आयोजित किए गए, जहां श्रद्धालुओं ने ज्ञान और विवेक की प्राप्ति के लिए आहुतियां अर्पित कीं।मंत्रोच्चार के बीच बच्चों का हुआ विद्यारंभ संस्कारबसंत पंचमी के पावन अवसर पर भारतीय संस्कृति की अनुपम परंपरा विद्यारंभ संस्कार भी पूरे विधि-विधान से संपन्न कराए गए। जिले के कई विद्यालयों में छोटे-छोटे बच्चों के विद्यारंभ संस्कार किए जाने के समाचार हैं।इसी क्रम में स्थानीय महावीर पूरा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में भी विद्यारंभ संस्कार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुआ।

इसके पश्चात नन्हे-मुन्ने बच्चों से पूजा कराई गई तथा हवन में उनसे भी आहुतियां दिलवाई गईं। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बच्चों का विधिवत विद्यारंभ संस्कार संपन्न हुआ, जिसके साथ ही उनके औपचारिक शैक्षणिक जीवन की शुरुआत हुई।विद्यालय प्रबंधन ने इस अवसर पर बताया कि भारतीय संस्कृति में मानव जीवन के 16 संस्कार बताए गए हैं, जिनमें विद्यारंभ संस्कार का विशेष स्थान है। मान्यता है कि बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती के सान्निध्य में विद्यारंभ संस्कार करने से बच्चों में न केवल विद्या ग्रहण करने की क्षमता बढ़ती है, बल्कि वे संस्कारी, गुणवान और विवेकशील भी बनते हैं।इस अवसर पर बच्चों के अभिभावक, शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यालय परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।





## श्रीराम महायज्ञ को लेकर तैयारियां जोरों पर, निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶राघौगढ़

श्रीराम महायज्ञ श्री हनुमान जी आश्रम भैंसाना धाम 18 से 28 मई तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें लाखों की संख्या में भक्तों के आने का अनुमान है। श्री राम महायज्ञ की तैयारी भी जोरों से जारी है। ग्राम भैंसाना धाम में आयोजित महायज्ञ में करीब 100 से ज्यादा भक्त अपनी सेवा प्रतिदिन दे रहे है। जिससे तैयारी अपनी चरम सीमा पर है। इसी क्रम में शुक्रवार को बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर धर्म ग्रंथों की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।

यह शोभा यात्रा जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद राधेश्याम धाकड़ के निवास से प्रारंभ हुई जो सांडा कॉलोनी में भ्रमण करती हुई भरसुला, जेपी कॉलेज होती हुई पद यात्रा के माध्यम से भैंसाना ग्राम पहुंचीं। शोभा यात्रा से पहले जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद राधेश्याम धाकड़ के निवास पर 4 वेद, 6 शास्त्र, 18 पुराण, 108 रामायण, 108 भागवद कथा की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। इसके बाद भव्य सुंदरकांड का पाठ किया गया।

इसके बाद जिपं अध्यक्ष अरविंद राधेश्याम धाकड़ सहित धर्मगुरुओं द्वारा अपने सर पर धर्म ग्रंथ रखते हुए पैदल ग्राम भैंसाना पहुंचे। इस बीच विभिन्न स्थानों पर शोभा यात्रा का फूल मालाओं की वर्षा कर स्वागत किया गया। ग्राम भैंसाना धाम पर पद यात्रा पहुंचने के बाद समस्त ग्रंथों को रखा गया, जहां उनकी विधि विधान से पूजा अर्चन कर आरती की गई। साथ शाम को महाआरती का भी आयोजन किया गया। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन भी जारी रहा।

## बसंत पंचमी पर सरस्वती शिशु मंदिर आरोन में विद्यारंभ संस्कार संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶आरोन

बसंत पंचमी के पावन अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर आरोन में विद्यारंभ संस्कार का आयोजन किया गया। सनातन धर्म के 16 संस्कारों में शामिल विद्यारंभ संस्कार के अंतर्गत 3 से 5 वर्ष के भैया-बहनों का पाटी पूजन एवं अक्षर पूजन कराया गया।कार्यक्रम दो स्थानों पर आयोजित हुआ— शिवशक्ति कॉलोनी स्थित शिव मंदिर तथा सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में। दोनों स्थानों पर विधिवत पूजा-अर्चना कर मां सरस्वती से विद्या व मंगल की कामना की गई। बच्चों ने हवन में आहुति दी। शिवशक्ति कॉलोनी कार्यक्रम में कॉलोनीवासियों का सराहनीय सहयोग रहा।कार्यक्रम में संस्कार केंद्र संचालक दीदी राधा नायक, विद्यालय के प्रधानाचार्य मधुसूदन पंथी, रामवीर प्रजापति उपस्थित रहे। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धर्मेंद्र रघुवंशी रहे। दीप प्रज्वलन, वंदना, हवन एवं शांति मंत्रोच्चार के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। अंत में प्रधानाचार्य ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में दीदी सपना रघुवंशी, खुशी जैन सहित समस्त आचार्य परिवार उपस्थित रहा।



## बच्चों को संचार मंत्री सिंधिया के द्वारा भेजा पोस्टकार्ड किया वितरित

**बसंत पंचमी के अवसर पर गुना डाक संभाग ने किया, पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय गुना में कार्यक्रम आयोजित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

डाक महानिदेषालय एवं मुख्य पोस्टमास्टर जनरल विनीत माथुर के दिषा निर्देषों के तहत आज 23 जनवरी बसंत पंचमी के अवसर पर गुना डाक संभाग के अधीक्षक ओपी चतुर्वेदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्षन में गुना डाक संभाग की टीम ने पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय गुना जाकर कक्षा4 एवं कक्षा 5 के बच्चों के साथ बसंत पंचमी महोत्सव मनाया।

इस अवसर पर सभी बच्चों को फिलैटली पुस्तक वितरण एवं नैतिक कहानियों से संबंधित पुस्तकों का भी वितरण किया गया साथ ही बच्चों को डाकघर की ज्ञान पोस्ट सेवा के वारे में भी बताया गया। साथ ही संचारमंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी द्वारा दिल्ली से भेजे गए प्रेरक संदेष युक्त पोस्टकार्ड का वितरण भी केन्द्रीय विद्यालय के बच्चों को किया गया।

इससे बच्चों का उत्साह चरम पर रहा । इस अवसर पर बच्चों को डाक विभाग की योजनाओं से अवगत कराते हुए, पेंटिंग प्रतियोगिता, भी आयोजित की गई साथ ही, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

उक्त प्रतियोगिताओं में बच्चों को पुरूस्कार वितरण गुना डाक संभाग की टीम के साथ केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य विनोद कुमार राजौरिया ने वितरण किए।

कार्यक्रम में डाक विभाग से ओपी श्रोत्रिय, सचेन्द्र तिवारी, राकेश कुमार, आदर्ष रघुवंषी, शिवम रघुवंषी के साथ स्कूल के शिक्षक ऋषिकेशभार्गव, मुकेष गोयल, सुनीता शर्मा आदि उपस्थित रहे।





## विकसित भारत 2047 पर दिया जागरुकता का संदेश, प्रतिभागियों को पुरस्कार किए वितरण

# देशभक्ति गीतों के साथ दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो प्रादेशिक कार्यालय भोपाल द्वारा गुना के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित चित्र प्रदर्शनी का द्वितीय दिवस देशभक्ति गीतों एवं विविध कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक गुना पन्नालाल शाक्य ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें।इस अवसर पर सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी देवेंद्र बाथरी ने 'विकसित भारत 2047', 'नेक्स्ट जेन जीएसटी' एवं 'वीबी-जी राम जी' जैसे विषयों पर प्रकाश डालते हुए केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अजय बैस ने मंच संचालन के साथ स्वच्छता विषय पर संवाद किया, प्रदर्शनी के विषयों पर प्रकाश डाला प्रदर्शनी से जुड़े प्रश्नमंच आयोजन किया ।

कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के बाल संरक्षण अधिकारी विजय साहू ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए चाइल्ड हेल्पलाइन के महत्व पर प्रकाश डाला और लोगों से योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

समापन अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री एच.एन. जाटव ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनियों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी मिलती है और चित्रकला एवं प्रतियोगिताओं के जरिए 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य में जनभागीदारी सुनिश्चित होती है।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई।

कार्यक्रम में विभाग के पंजीकृत दल साधना कला मंडल भोपाल द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर एमएलबी विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती मृदुला सक्सेना, शिक्षक निर्भय सक्सैना, गोविंद मीना सहित अन्य शिक्षक, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।



## समाचार संक्षेप

### महाविद्यालय में हुआ सड़क सुरक्षा लर्निंग लाइसेंस कैंप का आयोजन

**राघोगढ़।** शासकीय महाविद्यालय राधौगढ़ में सड़क सुरक्षा लर्निंग लाइसेंस कैंप का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय परिवहन विभाग से ज्ञानेंद्र व्यास (आईटीओ) विवेक दुबे, प्रशांत गुप्ता ,हेमंत रघुवंशी, जितेंद्र चौहान, अनंत चतुर्वेदी, मनोज शिवहरे, राहुल मांझी ने सहयोग प्रदान किया। शिविर में कुल 98 छात्राओं के लर्निंग लाइसेंस बनाए गए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ माया परस्ते एवं महाविद्यालय के कीड़ा अधिकारी आशीष दुबे के साथ समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा।



### संकल्प से समाधान शिविर का परियोजना अधिकारी व सीएमओ ने किया निरीक्षण

**राघौगढ़।** नगर पालिका परिषद राघोगढ़ विजयपुर 23 /1/ 2026 नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित संकल्प से समाधान शिविर का परियोजना अधिकारी (डूडा) संजय श्रीवास्तव एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी (CMO) तेज सिंह यादव द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। इस विजिट का मुख्य उद्देश्य शिविर में आने वाले लाभार्थियों की समस्याओं को सुनना और योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत का जायजा लेना था।इस अवसर पर परियोजना अधिकारी ने कहा, सरकार की मंशा है कि 'संकल्प से समाधान' शिविर के माध्यम से अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ मिले। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। शिविर में दल प्रभारी जगदीश गुर्जर सिटी मिशन मैनेजर जयंती मलिक, वार्ड प्रभारी मुकेश सैनी, महिला बाल विकास कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं मौजूद रही।



### पीएम स्वनिधि क्रेडिट कार्ड लॉन्च कार्यक्रम का लाइव प्रसारण नगर परिषद ने देखा

**आरोन।** नगर परिषद आरोन द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केरल राज्य के तिरुवनंतपुरम में आयोजित विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और पीएम स्वनिधि क्रेडिट कार्ड लॉन्च कार्यक्रम का लाइव प्रसारण नगर परिषद परिसर में दिखाया गया। साथ ही वसंत पंचमी के पावन अवसर पर नगर परिषद परिसर में विद्या की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। उपस्थितजनों द्वारा माँ सरस्वती से ज्ञान, विवेक एवं सद्बुद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर समाजसेवी पार्षद प्रतिनिधि सोनू रघुवंशी, सीओ शेख जिगर खान, गौरव ओझा, प्रताप प्रजापति, गोपाल सोनी, केशव बुनकर, मुकेश झा, संजीव कुशवाह, रघुवीर रघुवंशी, सोनू सिलावट, अमित यादव , हल्के कुशवाह नगर परिषद स्टाफ एवं पीएम स्वनिधि हितग्राही उपस्थित रहे।




### आनंद उत्सव के तहत नगर परिषद आरोन में गली क्रिकेट का आयोजन

# बच्चों और नागरिकों ने खेल खेल में मनाया आनंद उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

आनंद उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत नगर परिषद आरोन द्वारा कार्यालय परिसर में गली क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य आम नागरिकों एवं बच्चों को आनंद, उत्साह और सामूहिक सहभागिता से जोड़ते हुए स्वस्थ जीवनशैली और खेल भावना को बढ़ावा देना रहा।



गली क्रिकेट प्रतियोगिता में नगर के विभिन्न वार्डों से आए बच्चों, युवाओं तथा आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। खेल के दौरान प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखने को मिला और पूरे परिसर में उल्लासपूर्ण वातावरण बना रहा। छोटे बच्चों ने भी पूरे जोश के साथ खेल में हिस्सा लिया, जिससे आयोजन और भी आकर्षक बन गया।नगर परिषद अधिकारियों ने बताया कि आनंद उत्सव के माध्यम से शासन का उद्देश्य आमजन को दैनिक जीवन की व्यस्तता से निकालकर खुशियों के पल देना है। खेलकूद जैसे आयोजनों से आपसी भाईचारा, अनुशासन और टीम भावना का विकास होता है।प्रतियोगिता के दौरान नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। आयोजन के अंत में प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा गया कि भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन निरंतर किए जाएंगे, ताकि बच्चों और नागरिकों को सकारात्मक एवं आनंदमय वातावरण मिल सके। गली क्रिकेट आयोजन को लेकर नागरिकों ने नगर परिषद आरोन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों की प्रतिभा निखारने के साथ-साथ समाज में खुशहाली और एकता का संदेश देते हैं।

### बच्चों में जंगल और जंगली जानवरों के बारे में जानने की उत्सुकता दिखी



हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

वन परिक्षेत्र राघौगढ़ अंतर्गत वर्ष 2025-26 अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन गणेश मंदिर परिसर धीरपुर में किया गया। जिसमें राघौगढ़ के कन्या उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राघौगढ़ और शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राघौगढ़ के 121 छात्रों ने सहभागिता की। यह अनुभूति कार्यक्रम मध्यप्रदेश इकोपर्यटन विकाश बोर्ड द्वारा आयोजित किया जाता है। इस वर्ष अनुभूति कार्यक्रम की थीम 'हम है धरती के दूत' रखी गई। अनुभूति कार्यक्रम में श्रीमान उप वनमण्डलाधिकारी महोदय बीनागंज शइंदर सिंह धाकड़ ,वन परिक्षेत्राधिकारी राघौगढ़ सचिन गुप्ता के साथ वन परिक्षेत्र राघौगढ़ का समस्त वन स्टाफ उपस्थित रहा। अनुभूति कार्यक्रम के दौरान सुबह 7:30 बजे सर्दी के मौसम में उत्सुकतापूर्वक सभी छात्र /छात्राएं वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई बस द्वारा स्कूल से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे जहां से स्वल्पाहार कर मास्टर ट्रेनर रिटायर्ड रेंजर विष्णुप्रसाद वशिष्ठ और वन परिक्षेत्रअधिकारी सचिन गुप्ता के नेतृत्व में बच्चों के दो ग्रुप बनाकर गणेश मंदिर धीरपुर से कूढई झिरिया तक नेचर ट्रेल पर वनभ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान धीरपुर में तालाब के पास सुबह पक्षी दर्शन, जंगल में पाए जाने वृक्षों का आयुर्वेदिक उपयोग तथा जंगल से ग्रामीणों की आजीविका में सहायक जंगल से प्राप्त वनोपज के साथ साथ जंगल तथा जंगल में रहने वाले वन्य जीवों का मानव जीवन में महत्व के बारे में बताया गया। भ्रमण के दौरान नेचर ट्रेल पर बच्चों में जंगल और जंगली जानवरों के बारे में जानने की उत्सुकता दिखी। भ्रमण के बाद क्विज, बाघ गीत का गायन तथा परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम ,द्वितीय और तृतीय स्थानप्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को उप वनमंडलाधिकारी महोदय द्वारा शील्ड और प्रमाण पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया।

### संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत वार्ड क्रमांक 7 में शिविर का किया गया आयोजन

**आरोन।** शासन के आदेश पालन में एवं कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार नगर परिषद आरोन द्वारा "संकल्प से समाधान" अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 07 में मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश कुमार सोनी के मार्गदर्शन में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान आम नागरिकों की नगर परिषद से संबंधित विभिन्न समस्याओं जैसे पेयजल आपूर्ति, साफ-सफाई, नाली निर्माण, स्ट्रीट लाइट, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, एवं अन्य जनसमस्याओं को गंभीरता से सुना गया, शिविर पूर्व एवं उपरांत डोर टू डोर सर्वे कर आवेदन लेने साथ ही शत प्रतिशत आयुषमान कार्ड बनाए जाने के लिए निर्देशित किया। संकल्प से समाधान अभियान का उद्देश्य नागरिकों को उनके वार्ड में ही सुविधाएं उपलब्ध कराना है, जिससे उन्हें कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़े। कार्यक्रम में सीओ शेख जिगर खान, गौरव ओझा, जानकी टंडेल आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, किरण अहिरवार आंगनवाड़ी साहिका, स्वस्थ विभाग से विमलेश कोरी ए न म, ओम प्रकाश ओझा हेल्थ वर्कर, वार्ड प्रभारी मोनल जैन अरुण शर्मा सहित आम नागरिक उपस्थित रहे।



### सेंट जॉर्ज स्कूल परिसर में विभिन्न रचनात्मक और मनोरंजक गतिविधियों का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

नगर परिषद आरोन द्वारा 22 जनवरी को आनंद उत्सव कार्यक्रम अंतर्गत सेंट जॉर्ज स्कूल परिसर में विभिन्न रचनात्मक एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों एवं नागरिकों में आनंद, उत्साह एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं सहभागियों के लिए खेलकूद एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम को यादगार बनाया। नगर परिषद के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा दिया गया तथा आनंद उत्सव के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश कुमार सोनी, सीओ जिगर खान, गौरव ओझा, शिवम् शर्मा, अरुण शर्मा, प्राचार्य एसके सक्सेना, विद्यालय स्टाफ, विद्यार्थी उपस्थित रहे।



### ज्ञान, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति के संगम पर सजी बसंत पंचमी

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

हिंदुपत इंस्टिट्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग, राघौगढ़ में बसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाषचन्द्र बोस जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शासकीय महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. माया परस्ते रहीं, मुख्य अतिथि के द्वारा सरस्वती माँ एवं नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया।

मुख्य अतिथि ने ओजपूर्ण वक्तव्य देते हुए विद्यार्थियों को सैन्य अध्ययन विषय के चयन एवं अध्ययन की सलाह दी। इ स अवसर पर डॉ. ज्योति सिंह सेंगर, डॉ. पूजा भाटी एवं डॉ. फ़ौज़िया बानो ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. (डॉ.) विनोद सिंह भदौरिया ने अवसर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन में रंगो के संगम में देश भक्ति का रंग उभरकर आना चाहिए साथ ही कहा कि आज के समय छात्रों में संगीत साधना के साथ-साथ उनके मन व्यवहार और व्यक्तिव में देश भक्ति का भी रंग होना चाहिए, उन्हे यह अहसास होना चाहिए कि हमें आजादी कैसे प्राप्त हुई हमें अपने वीरों की शाहदत को नहीं भुलना है एवं कार्यक्रम में सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।



कार्यक्रम में बी.ए.बी.एड. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा श्यामा ने सरस्वती नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को आकर्षित किया। संचालन बी.ए.बी.एड. प्रथम सेमेस्टर की छात्राएँ पूर्वा लोधा एवं मनु लोधा ने किया। बी.ए.बी. एड. अष्ठम सेमेस्टर की छात्रा, अंजली मालवीय का शिव तांडव कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा इनके साथ ही छात्रा ज्योति लोधा, रितिका लोधा, प्रियंका, प्रदीप दुवे, रहनुमा, मोना लिटोरिया ने अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम की शोभा बढाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहीं।

## नपा कर्मचारी संघ ने मामला दर्ज करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

नगर पालिका कर्मचारी संघ ने पार्षद रीतेश जैन पर मामला दर्ज करने की मांग को लेकर एसपी को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें मांग की गई है कि पार्षद रीतेश जैन द्वारा धरना प्रदर्शन के दौरान नगरपालिका अशोकनगर के सीएमओ के विरूद्ध सार्वजनिक रूप से अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया गया एवं सरेआम उनका नाम लेकर अपशब्द बोले गए जिससे सीएमओ एवं अन्य कर्मचारी साथियों के मान सम्मान को ठेस पहुंची है।

साथ ही इनके द्वारा कार्यालय के अन्दर घुसकर शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाना चाहते थे। इनको मुश्किल से पुलिस बल द्वारा रोका गया और शासकीय सम्पत्ति की रक्षा की गयी। साथ ही इनके द्वारा पूर्व में भी हमारे सफाई कर्मचारियों के साथ एवं निकाय के अन्य कर्मचारियों के साथ भी अभद्र व्यवहार किया जाता रहा है। जिसे लेकर उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है जिसमें कहा गया है यदि उनके विरूद्ध मामला दर्ज नहीं किया गया तो उन्हे हड़ताल पर जाने पर मजबूर होना पडेगा।

### एसपी को पत्र सौंपकर पार्षद ने निष्पक्ष जांच की मांग की

उक्त ज्ञापन को लेकर पार्षद रीतेश जैन ने एसपी अशोकनगर को एक लिखित पत्र सौंपकर कहा है कि 17 जनवरी को जिला कांग्रेस द्वारा नगरपालिका अशोकनगर का घेराव किया गया था और उसमें हो रहे भ्रष्टाचार और पात्रता के मुददे पर सीएमओ को हटाने की मांग की गई थी तथा उनके कार्यकाल के दौरान अनियमित्ताओं की जांच करने की मांग की गई थी। जिसके बाद उनकी आवाज को दबाने के लिए जो ज्ञापन सौंपा गया है उसमें उन्होंने कहा है कि जांच के उपरांत ही एफआईआर दर्ज की जाए पहले मामले की जांच की जाए।



## युवक ने खुद की मोटरसाइकिल में लगाई आग, पूरी तरह जलकर हुई खाक

**अशोकनगर।** शुक्रवार दोपहर को बहादुरपुर कस्बे में शराब दुकान के पीछे बस्ती में एक युवक ने स्वयं की मोटर साइकिल में आग लगा दी। जिससे मोटर साइकिल कुछ ही मिनटों में पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। युवक आग लगाकर मौके से भाग गया।

उसके भाई ने बताया कि अक्सर वह ऐसी हरकतें करता है, इससे पहले एक बार युवक ने अपने कपड़ों में भी आग लगा ली थी। हालांकि इसकी कोई पुलिस थाने में शिकायत नहीं हुई है। शराब दुकान के पीछे रहने वाले राकेश प्रजापति ने बताया कि उसके छोटे भाई अंकित ने कुछ ही दिनों पहले एक टीवीएस स्पोर्ट्स मोटर साइकिल खरीदी थी। शुक्रवार दोपहर उसका घर पर झगड़ा हुआ, इसके बाद उसने पेट्रोल निकालकर मोटर साइकिल पर छिड़का और उसे आग के हवाले कर दिया। आग लगाकर अंकित मौके से भाग निकला। राकेश ने आग को बुझाने की कोशिश की लेकिन एक तेज धमाके के साथ मोटर साइकिल की टंकी उखड़ गई और आग तेजी से भभकने लगी। जिससे मोटर साइकिल कुछ ही मिनटों में पूरी तरह से जलकर नष्ट हो गई।

### कलेक्टर साकेत मालवीय ने पदभार ग्रहण किया

**अशोकनगर।** गुना जिले से विभाजित होने के बाद 15 अगस्त 2003 को अशोकनगर जिले का उदय हुआ था। तब से अभी तक 22 वर्ष से अधिक आयु का जिला हो चुका है। जितनी जिले के निर्माण की अवधी हुई है उतने ही कलेक्टर अशोकनगर में पदस्थ हो चुके हैं। आदित्य सिंह 21वें कलेक्टर थे और 22वें साकेत मालवीय हैं। नवीन कलेक्टर ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। साकेत मालवीय पदभार ग्रहण करने के बाद ग्वालियर आयुक्त से भेंट करने रवाना हो गए। अशोकनगर जिले में अभी तक 2 कलेक्टर ऐसे हैं जो 2 बार पदस्थ हुए हैं जिनमें एक बाबू सिंह जामौद हैं और दूसरे कलेक्टर अभय वर्मा हैं। इन दोनों कलेक्टरों को चुनावी प्रक्रिया के चलते हटाया था बाद में प्रक्रिया पूरी होने के बाद शासन ने उन्हें पुनः अशोकनगर में पदस्थ कर दिया था। 22वे कलेक्टर के रूप में साकेत मालवीय से अशोकनगर जिले के नागरिकों को व्यापक उम्मीदें हैं। वह पूर्व में सिंगरौली में जिपं सीईओ और सीधी में कलेक्टर के पद पर पदस्थ रहे चुके हैं।



## फरार चल रहे 2 आरोपियों को राजस्थान से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन एवं एसडीओपी मुंगावली सनम बी. खान के मार्गदर्शन में थाना बहादुरपुर द्वारा अपराध में फरार चल रहे 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि 8 दिसंबर को फरियादी नें अपनी लडकी उम्र 16 साल के घर से बिना बताये कही चले जाने एवं अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने की थाने पर रिपोर्ट की थी। जिस पर धारा 137(2) बीएनएस का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा थाना प्रभारी बहादुरपुर उनि नीलम यादव को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी बहादुरपुर उनि नीलम यादव द्वारा टीम गठित कर आरोपीगण गुरूमुख पुत्र बुद्धा बंजारा उम्र 41 साल निवासी नीलीघुरक, राजधर पुत्र बुद्धा बंजारा उम्र 41 साल निवासी नीलीघुरक, बदन सिह बंजारा पुत्र बुद्धा बंजारा उम्र 45 साल निवासी नीलीघुरक के द्वारा मुख्य आरोपी का सहयोग किया गया जो घटना दिनांक से लगातार फरार चल रहे थे। पीडिता के कथन के आधार पर प्रकरण में सुसंगत धाराऐं इजाफा की गई। आरोपीगण गुरूमुख पुत्र बुद्धा बंजारा, राजधर पुत्र बुद्धा बंजारा को गंगानगर राजस्थान गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।




### पूर्व कलेक्टर आदित्य सिंह के समर्थन में भीड़ जुटी, स्थानांतरण रोकने की मांग




**अशोकनगर।** राज्य शासन द्वारा पिछले दिनों अशोकनगर के कलेक्टर पद पर पदस्थ रहे आदित्य सिंह का स्थानांतरण भोपाल किए जाने के विरोध में स्थानीय विमानो के चबूतरा के समीप शहर के लोग एकत्रित हुए और उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कलेक्टर आदित्य सिंह का स्थानांतरण रोकने की मांग की और उनके समर्थन में ज्ञापन नायब तहसीलदार शंभू मीणा को सौंपा। अशोकनगर में कलेक्टर पद पर पदस्थ रहे आदित्य सिंह की कार्यप्रणाली शहर से लेकर गांव की जनता तक को खूब रास आ रही है लेकिन उसके बाबजूद भी जन समर्थन के चलते उनका स्थानांतरण भोपाल किया गया है। अशोकनगर जिले में प्रशासनिक लापरवाही को सुधारने की कभी कोई कार्यवाही किसी कलेक्टर द्वारा नहीं की गई। पहली बार अशोकनगर जिले के लोगों को लगा था कि कोई कलेक्टर यहां पदस्थ हुआ है उन्होंने शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर तरीके से किया। आमजनों को बेहतर तरीके से सुना और भूमाफियाओं से लेकर सटोरियों पर भी कार्यवाही की गई। सुबह से ही उनकी कार्यप्रणाली प्रांरभ हो जाती थी और प्राशसनिक सुधार के बाद शहर में अतिक्रमण पर भी उन्होंने कार्यवाही की। ऐसी स्थिति में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि उन्हें अशोकनगर जिले में ही पुनः कलेक्टर बनाकर भेजा जाए।

### मेरा मन अच्छा हो वचन अच्छा हो और कर्म भी अच्छे होना चाहिए : मुनि श्री

# भगवान की प्रतिमाओं को सुंदर वस्त्र आभूषणों से श्रंगारित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

मुनि पुंगव श्री सुधासागर महाराज ससंघ के सान्निध्य एवं प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भैया के निर्देशन में तीर्थोदय तीर्थ गोला कोट में चल रहे श्रीमद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ गजरथ महोत्सव आज प्रातः काल से ही भक्तों की दौड़ अयोध्या नगरी की ओर चल रही थी। जहां सौधर्म इन्द्र वने राकेश वास्तु कुबेर इन्द्र पीयूष जैन दिल्ली, महायज्ञ नायक सतेन्द्र जैन, राजधानी दिल्ली दारा जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा की गई। इस दौरान शिवपुरी कलेक्टर रविन्द्र सिंह चैधरी व एसपी अमन सिंह राठौर पूर्व कलेक्टर आर के जैन, एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा, एसडीएम ममता शाक्य तीर्थोदय गोलाकोट पहुंच कर राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागर महाराज ससंघ का आशीर्वाद प्राप्त किया। कलेक्टर ने जनकल्याणकारी शिक्षा योजना में शासन के सहयोग के पीछोर में सौ विस्तर के अस्पताल का निर्माण की बात कही।





इस दौरान जैनाचार्य मुनि पुगंव श्री सुधासागर महाराज ने कहा कि जगत में दो प्रकार के लोग होते हैं एक वो जो अपने जिंदगी को आनंद में बनाते हैं मेरा मन अच्छा हो सोच अच्छा हो वचन अच्छा हो कर्म अच्छे हो जो मेरे लिए सुखदाई हो आज हम दो अच्छे व्यक्ति की बात कर रहे हैं जो सदा अच्छा सोचते हैं अच्छा आदमी सारे जगत को अच्छा दिखेगा ही दिखेगा हर व्यक्ति को पूछ लेना अच्छे व्यक्ति को सब अच्छा कहते हैं वे आकाश में ध्रुव तारें की तरह चमते रहते हैं अच्छे आदमी पर ग्रहण नहीं लगता है लोग उनके प्रसन्शा करते है पाने की कोशिश नहीं करते अच्छा व्यक्ति हमारी जिंदगी में आ जायें ऐसा कोई भाव नहीं रखता अच्छे आदमी को कोई भी नहीं चाहत क्या कि वह मंगल नहीं है सगुन नहीं है छः महीने आठ समय में छः सौ आठ जीव मोक्ष चले गए उन्हें कोई नहीं चाहता उनका पता ही नहीं है अच्छी सन्तान अच्छे महाराज भी किसी काम के नहीं होते माता पिता अच्छी पत्नी को कोई नहीं चाहता अच्छे पति को कोई नहीं चाहता अच्छे व्यक्ति के साथ में रहूं क्या कि ये मेरे साथ रहे।

**अशोकनगर जैन समाज द्रव्य भेंट कर अपने को धन्य मान रहा है- विजय धुर्राः** इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि कल तीर्थो दय तीर्थ गोला कोट में भगवान का ज्ञान कल्याणक महोत्सव मनाया जायेगा जिसमें महा मुनि राज की आहार चर्या को देख ने का सौभाग्य प्राप्त करेंगे। शुक्रवार को अशोकनगर जैन समाज ने समाज के अध्यक्ष राकेश कासंल, महामंत्री राकेश अमरोद के नेतृत्व में द्रव्य भेंट कर ने जा रही है।

## खबर संक्षेप

### 15 वर्षीय किशोरी ने किया जहरीले पदार्थ का सेवन

**अशोकनगर।** जिला अस्पताल अशोकनगर में जहरीला पदार्थ खाने के बाद एक 15 वर्षीय किशोरी को उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। किशोरी ने किन कारणों से जहर खाया यह पता नहीं चला है। लेकिन उसके परिवार जनो का कहना है कि खेत में डालने वाली कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया है। हेमवती पुत्री लालू कुशवाह निवासी छितिया आमखेडा की हालत इस तरह बनी हुई है। पिता ने बताया कि पुत्री को खांसी की शिकायत थी उसे हम अस्पताल से दवाई ले गए थे उसी के बगल में कीटनाशक दवा रखी थी उसने भूल से यह कीटनाशक दवा खा ली।

### अज्ञात आरोपी 25 केव्ही की डीपी कर ले गए चोरी

**अशोकनगर।** जिले के कचनार थाने के अंतर्गत ग्राम महुआखेडा विधुत केन्द्र तूमैन केन्द्र पर तैनात कर्मचारी रामवीर यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ग्राम गढ़ला में पुलिया के समीप नीम के पेड के पास रखी 25 केव्ही की डीपी कोई अज्ञात आरोपी चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### 26 जनवरी को शुष्क दिवस की घोषणा

**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी साकेत मालवीय द्वारा 26 जनवरी 2026 गणतंत्र दिवस पर एक दिवस का शुष्क दिवस घोषित किया गया है। जारी आदेश के तहत अशोकनगर जिले की सभी कम्पोजिट मदिरा दुकानों एवं स्टोरेज मद्य भाण्डागार तथा मदिरा का क्रय-विक्रय एवं परिवहन निषिद्ध किया गया है।

### बैंक खाते से 2 लाख 80 हजार रुपए निकाले

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत मल्हारगढ रोड निवासी नारायण पुत्र प्रभुदयाल अग्रवाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात आरोपी द्वारा व्हाटस्एप पर लिंक भेजकर 2 लाख 80 हजार रूपए उसके खाते से निकाल लिए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### मारपीट की घटनाओं के अनेक मामले दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डोंगरा पछार निवासी यशपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शेरा, कृष्णभान, शिवराज और संजू अहिरवार ने चल रहे भंडारे में उत्पाद मचाया मना करने पर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बानोरा निवासी मुलियाबाई केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कृष्णभान यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बामौरी शाला थाना दीपनाखेडा जिला विदिशा निवासी जहानवी सोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी करीला माता मंदिर के पास मुस्कान कलावत, राजकुमारी कलावत ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### चयनित खिलाड़ियों को किया रवाना

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक अशोकनगर के मार्गदर्शन में संभाग स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स में भाग लेने के लिए अशोकनगर जिले के चयनित खिलाड़ियों को संभाग स्तरीय खेलों एमपी यूथ गेम्स 2025 में भाग लेने के लिए शिवपुरी एवं ग्वालियर भेजा गया है। संभाग शिवपुरी में टेबल टेनिस एवं क्रिकेट खेलों के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों को एवं संभाग ग्वालियर में कबड्डी बास्केटबॉल बैडमिंटन एवं योगासन के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों को भेजा गया है। संभाग स्तरीय आयोजन 22 से शुरू होकर 25 जनवरी 2026 तक चलेंगे। जिला खेल अधिकारी अरुण रघुवंशी ने बताया गया कि ब्लॉक स्तरीय एवं जिला स्तरीय चयन स्पर्धाओं के पश्चात अब तृतीय चरण में खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025 का आयोजन संभाग स्तर पर कराया जा रहा है। संभाग स्तर पर चयनितों को राज्य स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025 में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

---

समूचे अंचल में विद्यारंभ संस्कारों के साथ अनेक कार्यक्रम आयोजित हुए

# बसंत पंचमी पर ज्ञान और कला की देवी मां सरस्वती की वंदना कर किया नमन







हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बसंत पंचमी का पर्व मौसम में परिवर्तन का संकेत लेकर आता है प्रकृति प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण नजर आने लगती है। शीत ॠतु और ग्रीष्म ॠतु के आगमन के बीच यह बसंत का पर्व मनाया जाता है और इसी दिन ज्ञान और कला की देवी मां सरस्वती की जयंती भी मनाई गई।



### बसंत पंचमी पर सरस्वती शिशु मंदिर में विद्यारम्भ संस्कार सम्पन्न

बसंत पंचमी के पावन पर्व पर सरस्वती शिशु मन्दिर (वाचनालय भवन) चन्देरी में विद्याभारती मध्यभारत प्रांत की योजना के अंतर्गत शिशुओं का विद्यारम्भ संस्कार पूर्ण वैदिक पद्धति से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विधिवत यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें 03 से 05 वर्ष आयु वर्ग के शिशुओं का विद्यारम्भ संस्कार कराया गया।

यज्ञ के पुरोहित एवं मुख्य वक्ता चन्द्रप्रकाश मिश्रा ने उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यारम्भ संस्कार शिशु को शिक्षा के प्रारंभिक चरण से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि हिन्दू धर्म में विद्या को अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है, जिसके अभाव में मनुष्य धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष जैसे चारों पुरुषार्थों से वंचित रह जाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राघवेन्द्र सेंगर ने कहा कि विद्यारम्भ संस्कार सोलह संस्कारों में से एक प्रमुख संस्कार है तथा प्रत्येक अभिभावक को अपने बच्चों का यह संस्कार अवश्य कराना चाहिए। अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश कुमार श्रीवास्तव ने कराया। कार्यक्रम का संचालन सुमन राजपूत दीदी ने किया।

### सांदीपनि विद्यालय अशोकनगर में बसंत पंचमी का हुआ आयोजन

सांदीपनि विद्यालय अशोकनगर में बसंत पंचमी का आयोजन किया गया जिसमें सुबह सरस्वती माता का पूजन एवं हवन का आयोजन किया गया एवं शाम के समय विद्यालय प्रांगण में सुंदरकांड पाठ आयोजित किया गया ।

### ईसागढ़ महाविद्यालय ईसागढ़ में बसंत पंचमी का पर्व मनाया गया

ईसागढ में महाविद्यालय के प्राचार्य अमित भार्गव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में डॉ. दीपा वर्मा, डॉ. जितेन्द्र प्रताप, डॉ. जवाहर लाल, संजीव दोहरे एवं जयदीप रैकवार की गरिमामयी उपस्थिति रही। माँ सरस्वती की प्रतिमा की सजावट का कार्य डॉ. दीपा वर्मा के मार्गदर्शन में देवाशीष, राजकुमार, निखिल तथा छात्र-छात्राओं संजना, नैन्सी, आशिका, पूजा, नेहा एवं छोटू द्वारा किया गया। पूजन-अर्चन के उपरांत उपस्थित सभी अतिथियों, स्टाफ एवं विद्यार्थियों को मिष्ठान का वितरण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। वसंत पंचमी के इस पावन पर्व पर सभी ने माँ सरस्वती से ज्ञान, विवेक एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### छात्र-छात्राओं ने मां सरस्वती जयंती पर पूजा अर्चना की

शिक्षा और ज्ञान की देवी माँ सरस्वती की आराधना का पर्व, बसंत पंचमी, आज अशोकनगर जिले के नई सराय स्थित जीवाजी पब्लिक स्कूल में बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रांगण में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भारतीय संस्कृति और परंपरा की झलक देखने को मिली। स्कूल के प्रांगण में पंचमी का दिन पीले रंग की आभा से सराबोर रहा। बसंत पंचमी के इस शुभ अवसर पर विद्यालय में माँ सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थी पारंपरिक परिधानों में नजर आए। विशेष रूप से बसंत ॠतु के प्रतीक श्पीले रंगश के वस्त्रों में रंगे स्टाफ और बच्चों ने वातावरण को और भी आध्यात्मिक बना दिया। पूजा के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार और सरस्वती वंदना से पूरा विद्यालय गूंज उठा।

वसंत पंचमी राजपुर छीपोन स्कूल में

---

हत्यारोपी के घर पर बुलडोजर नहीं चला

# सीएमओ को आवेदन के साथ ही की चूड़ियां भेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरई

नगर परिषद सीएमओ को कल्लू अहिरवार के हत्यारों के घर पर बुलडोजर कार्यवाही न होने पर परिवार जन ओर समाज जनों के साथ नगर परिषद पहुंचे, हत्यारों के घर पर बुलडोजर कार्यवाही न होने पर काफी आक्रोश देखा गया। नगर परिषद सीएमओ अशोक वर्मा को चूड़ियों ओर साड़ी के साथ महिला का सभी सामान भेंट किया।

इस दौरान उपस्थित जनों ने आरोप लगाते हुए बताया कि एसडीएम इसरार खान और थाना प्रभारी ओ.पी. मिश्रा के समक्ष एक बैठक की थी जिसमें 23 जनवरी का समय निर्धारित किया गया था पर जब समय सीमा समाप्त होता देख परिवार जनों का आक्रोश गुस्सा नगर परिषद सीएमओ पर फुट गया।

**क्या है घटनाक्रमः**

कस्वे में 2 जनवरी को कल्लू अहिरवार पुत्र नत्थू अहिरवार की निर्मम हत्या कर दी जाती हे।उसको भरे बजार में घसीट कर ले जाते हुए ले गए।जिस पर परिवारजन ओर समाज जनों ने छे घंटे मृतक शरीर रख कर चक्काजाम कर दिया। जिसपर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तीन नाम दर्ज ओर कुछ अज्ञात लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया। परिवार जनों ने उसी समय हत्या के आरोपियों के घर पर बुलडोजर की कार्यवाही की मांग की थी। तब मुंगावली एसडीएम इसरार खान ने चार दिन का समय मांगा था ।

**इनका कहना है**

हमने नोटिस जारी कर दिया था तीन दिन का समय दिया था।ओर फिर शुक्रवार का समय निर्धारित किया था ओर कागजी कार्यवाही भी पूरी कर ली गई थी। अचानक कलेक्टर का बदलना ओर शुक्रवार को ही नए कलेक्टर के आने के कारण हम उनको इसकी जानकारी देंगे। जल्दी ही एक निश्चित दिन कर आरोपी के घर पर बुलडोजर कार्यवाही करेंगे।

**अशोक वर्मा** सीएमओ नगर परिषद पिपरई

### सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 विषय पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण किया आयोजित

**अशोकनगर।** आर.सी.व्ही.पी.नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल के सौजन्य से एवं कलेक्टर के निर्देशन में जिले के ई-दक्ष केंद्र मे "सूचना का अधिकार अधिनियम 2005" विषय पर जिला स्तरीय अधिकारी/कर्मचारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। अकादमी द्वारा बनाए गए जिला रिसोर्स पर्सन के रूप मे मास्टर ट्रेनर निरपाल सिंह पवार वरिष्ठ प्रशिक्षक ई-दक्ष द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 का परिचय, शासन के विभिन्न राजपत्र,आरटीआई पोर्टल,साइबर सिक्योरिटी एवं विभिन्न न्यायालयीन निर्णय का हवाला देते हुई विभिन्न प्रश्नों का समाधान कर विस्तृत प्रशिक्षण सम्बंधित अधिकारीयों/कर्मचारियों को दिया गया।

---

# छात्र व छात्राओं को महिला संबंधी अपराधों के प्रति किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले के समस्त एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों को महिला संबंधी अपराधों के प्रति जन-जागरूकता एवं महिला संबंधी कानूनी प्रावधानों की जानकारी देने हेतु महिला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए है। उसी क्रम में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेंद्र कंवर, एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा, महिला सुरक्षा प्रभारी निरी. मनीष सिंह चैहान, थाना प्रभारी कोतवाली निरी. रवि प्रताप सिंह चैहान, थाना प्रभारी यातायात निरी0 स्नेहा सिंह ठाकुर एवं देहात थाना प्रभारी उनि. भुवनेश शर्मा की उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान छात्रावास के लगभग 120 छात्र-छात्राओं



को महिला संबंधी कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही एकीकृत अभियान (अभिमन्यु, सृजन, सम्मान) की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध घटित अपराधों की रोकथाम, समाज में जागरूकता फैलाने एवं महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित ऑपरेशन एहसास,ऑपरेशन स्वयंसिद्धा एवं असली हीरो अभियान की कार्यवाही से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान यातायात थाना प्रभारी स्नेहा सिंह ठाकुर द्वारा बैनर एवं पोस्टर के माध्यम से यातायात नियमों तथा राहवीर योजना की जानकारी दी गई।



### सांसद प्रतिनिधि की पहल पर भूमि विवाद का निराकरण किया गया

**अशोकनगर।** सांसद प्रतिनिधि संजीव जैन भारिल्ल की पहल पर कृषक जीवन सिंह रघुवंशी ने सड़क निर्माण के लिए भूमि प्रदान की है।

पूरा मामला यह हैं कि पोरूखेड़ी से पिपरी आदिवासी बस्ती तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत बनाए जाने वाली सड़क में आ रहे भूमि विवाद के संबंध में मंगलवार को सिंधिया जनसंपर्क करने पर पंचायत के सरपंच महावीर सिंह एवं देवेंद्र सिंह रघुवंशी सांसद प्रतिनिधि संजीव जैन भारिल्ल से मिले थे क्योंकि मामला आदिवासी बस्ती तक सड़क पहुंचने का था । इस पर सांसद प्रतिनिधि ने प्रधानमंत्री सड़क के इंजीनियर आलोक रघुवंशी एवं ठेकेदार अभिषेक रघुवंशी को साथ ले जाकर मौके पर खेत के मालिक जीवन सिंह रघुवंशी से निवेदन किया तो इस नेक कार्य के लिए जीवन सिंह रघुवंशी ने अपनी भूमि में से सड़क निकालने की सहमति दे दी। इस पर जीवन सिंह रघुवंशी के इस नेक कार्य की प्रशंसा सभी लोगों ने की।

# मिशन नीव में विधायक ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र वितरण किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




मिशन नीव कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रमाण पत्र वितरण समारोह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नईसराय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चंदेरी विधायक श्री जगन्नाथ सिंह रघुवंशी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती चंद्रसेना भिड़े द्वारा की गई।

कार्यक्रम मे विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों के जीवन की शुरुआती अवस्था अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। यदि कम उम्र में बच्चों को अच्छे संस्कार, सही दिशा और समुचित पोषण एवं शिक्षा प्रदान की जाए तो उनका सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को समाज की नींव मजबूत करने वाला स्तंभ बताते हुए उनके कार्यों की सराहना की। जिला कार्यक्रम अधिकारी चंद्रसेना भिड़े ने कहा कि मिशन नीव कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 03 से 06 वर्ष के बच्चों के संज्ञानात्मक, शारीरिक, सामाजिक एवं भावनात्मक विकास को सुदृढ़ करना है।

इस लक्ष्य की प्राप्ति में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से मिशन नीव की गतिविधियों को गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ क्रियान्वित करने का आग्रह किया। परियोजना अधिकारी रजनी बालू ने बताया कि मिशन नीव के अंतर्गत संचालित गतिविधियों, नवाचारों एवं प्रशिक्षण के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि प्रमाण पत्र वितरण से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा और वे और अधिक उत्साह से कार्य करेंगी। साथ ही कार्यक्रम के दौरान मिशन नीव के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

---

महाविद्यालय में बसंत पंचमी पर हुए कई कार्यक्रम आयोजित, प्रतिभाओं ने दिखाए अपने हुनर

# मां सरस्वती को किया माल्यार्पण, सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

महाविद्यालय में बसंत पंचमी के पर्व के साथ मां सरस्वती की जयंती और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर उन्हें नमन किया गया और उनके स्मारक को पुष्प माला अर्पित की गईं।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश, विशिष्ट अतिथि के रूप में वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पी.के. सुराना एवं की नोट - स्पीकर के रूप में रचना गुप्ता समाजसेवी नवप्रयास सामाजिक विकास समिति जिला अशोकनगर रही कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथिगण द्वारा मां सरस्वती एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश ने अपने उद्बोधन में बसंत पंचमी के सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन एवं उनके आदर्शों, त्याग एवं देशभक्ति से विद्यार्थियों को प्रेरणा लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित स्पीकर रचना गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि मां सरस्वती ने वीणा एवं




किताब को धारण किया है इससे आशय है की हमेशा सीखते रहना एवं अपने जीवन के सभी स्वरों का तालमेल बनाकर अपने जीवन को अच्छा बना बनाए। कार्यक्रम के दौरान बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा लक्ष्मी कुशवाहा एवं एम.ए.तृतीय सेमेस्टर की छात्रा रचना अहिरवार द्वारा लोकगीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विजय सिंह प्रभारी भारती ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ ने किया। शासकीय महाविद्यालय ईसागढ़ में महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में गरिमामय ढंग से मनाया गया। कार्यक्रम में आजाद हिंद फौज के योगदान को विस्तार से समझाया गया तथा भारत के स्वतंत्रता संग्राम पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर देशभक्ति से ओतप्रोत डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया, जिससे विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति और त्याग की भावना जागृत हुई। कार्यक्रम में नेताजी के साहस, नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति समर्पण को स्मरण करते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अमित भार्गव ने की। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जवाहर टैगोर द्वारा किया गया। इस अवसर पर ग्रंथपाल जयदीप कुमार रैकवार, डॉ. जे.पी. सिंह, डॉ. दीपा वर्मा, डॉ. संजीव दोहरे सहित महाविद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।



### शासकीय महाविद्यालय पिपरई में मनाया गया पराक्रम दिवस

नगर के शासकीय महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत बसंत पंचमी एवं पराक्रम दिवस के उपलक्ष में महाविद्यालय में व्याख्यान एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विमल पटेल रहे। उन्होंने प्रेरणादायक व्याख्यान किया कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य राजमणि ने की। प्राचार्य द्वारा छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन एवं आजाद हिंद फौज का स्वतंत्रता संग्राम में आंदोलन की जानकारी दी। डॉ संतोष कुमार चैहान ने अपना उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन हेमंत कुमार समाधिया द्वारा किया गया।

### स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर मलावर पुलिस की सख्त कार्रवाई

# अवैध एलपीजी किट लगी मारुति बैन में लाए जा रहे थे स्कूली बच्चे

## एलपीजी गैस से संचालित स्कूली वाहन जब्त, चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

जिले में कई जगह निजी स्कूलों के हालात यह है कि स्कूल प्रबंधन अपने फायदे के लिए मासूमों की जिंदगी भी दाव पद लगाकर पैसे कमाने में व्यस्त नजर आ रहे है। मामला लखनवास की आरोही एकेडमी का है जहां पर अवैध एलपीजी किट लगाकर मारूती बैन द्धारा मासूम बच्चों को स्कूल तक लाया व ले जाया जा रहा था।

जिस पर शुक्रवार को यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों एवं स्कूली वाहनों की सतत जाँच हेतु पुलिस अधीक्षक अमित सुमित तोलानी के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के निर्देशन एवं एसडीओपी नरसिंहगढ़ मिनी शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मलावर उप निरीक्षक रजनीश सिरोठिया के नेतृत्व में थाना मलावर पुलिस




टीम द्वारा स्कूली वाहनों की सघन जाँच की गई।



### जाँच के दौरान वाहन में अवैध रूप से एलपीजी किट लगी मिली

गुरूवार को दौराने स्कूली वाहन चेकिंग, ग्राम लखनवास स्थित आरोही एकेडमी विद्यालय के स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने हेतु उपयोग में लाई जा रही एक मारुति वैन क्रमांक एम.पी. 08 बी.ए. 0164 को चेक किया गया। जाँच के दौरान वाहन में अवैध रूप से एल.पी.जी. किट लगी पाई गई। मासूमों की जान पर खेलकर अपने फायदे के लिए इस तरह स्कूल चलाना कितना बैधानिक है यह स्कूल प्रबंधन को सोचना चाहिए।

### बिना दस्तावेज के चल रही थी मौत की मारुति

वाहन चालक अमृतलाल से वाहन के दस्तावेजों के संबंध में पूछताछ की गई, परंतु वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका तथा मौके से फरार हो गया। वाहन के अंदर सीटों में अवैध परिवर्तन पाया गया एवं वाहन को एल.पी.जी. गैस से संचालित किया जा रहा था, जो स्कूली बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत गंभीर व खतरनाक है। उक्त मारुति वैन को जप्त कर थाना हाजा पर मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत इस्तगासा क्रमांक 01/26धारा 66/192, 52/182, 126/177, 130(1)/177, 130(3)/177, 146/196, 179(1), 51/177 एम.व्ही. एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई, जिसे माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

### यह पुलिस कर्मी हुए शामिल

कार्रवाई में शामिल पुलिस बल उप निरीक्षक रजनेश सिरोठियासउनि मनोहर साहुसउनि युधिष्ठर शर्मा प्र.आर. ओमप्रकाश मीणाप्र.आर. देवीसिंह प्र.आर. रोडेलालआर. जीवन सिंहआर. विक्रम भीलथाना मलावर पुलिस द्वारा स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए त्वरित एवं वैधानिक कार्रवाई की गई।

### अंजुमन कमेटी ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## एसआईआर कार्यक्रम में मतदाता सूची में अनियमितताओं का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

तहसील सारंगपुर के मुस्लिम बहुल वार्डों एवं ग्राम पंचायतों में चल रहे एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) कार्यक्रम को लेकर गंभीर आपत्तियाँ सामने आई हैं। शुक्रवार को अंजुमन कमेटी शाही जामा मस्जिद सारंगपुर के प्रतिनिधिमंडल ने अनुविभागीय अधिकारी रोहित बम्होरे को ज्ञापन सौंपते हुए मतदाता सूची में अनियमितताओं का आरोप लगाया। ज्ञापन में कमेटी द्वारा बताया गया कि एआईआर प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद भी एकतरफा ढंग से आपत्तियाँ दर्ज की जा रही हैं। बिना ठोस प्रमाण, वैध दस्तावेज एवं भौतिक सत्यापन के केवल मुस्लिम




मतदाताओं को लक्षित करते हुए नाम हटाने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है, जो निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के विपरीत है। कमेटी का आरोप है कि कई मामलों में मतदाताओं को बिना सूचना दिए ऑनलाइन आपत्तियाँ दर्ज कर दी गईं, जबकि संबंधित मतदाता को इसकी जानकारी तक नहीं है। इससे मतदाता सूची की विश्वसनीयता प्रभावित हो रही है और आमजन में भय व असंतोष बन रहा है।

## घर में सो रही पत्नी पर पति ने किया कुल्हाड़ी से हमला

### कोतवाली थाने के ग्राम दिलावरा में हुई घटना, आरोपी फरार

**राजगढ़।** शराब के नशे में हैवान बने एक व्यक्ति ने अपनी ही पत्नी पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में बुरी तरह घायल हुई महिला को जिला चिकित्सालय से प्राथमिक उपचार उपरान्त भोपाल रेफर किया गया है। वारदात के बाद आरोपी पति फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार समीपस्थ ग्राम दिलावरा निवासी देवसिंह तंवर अक्सर शराब के नशे में अपनी पत्नी शैतानबाई उम्र 40 वर्ष के साथ झगड़ा करता रहता था। पति से परेशान शैतानबाई गुरुवार रात्रि बेटों के पास सो रही थी तभी देवसिंह आया और महिला पर कुल्हाड़ी से कईं वार कर दिए। कुल्हाड़ी के हमले में बुरी तरह लहुलुहान हुई शैतानबाई के चेहरे, सिर और आंख में गंभीर चोटें आई। बेटे मुकेश तंवर द्वारा उन्हें जिला अस्पताल लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार उपरान्त गंभीर हालत देख चिकित्सकों ने भोपाल रेफर कर दिया। घटना की सूचना के बाद कोतवाली पुलिस की टीम आरोपी की तलाश में निकली। मामले में जानलेवा हमले सहित अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। शुक्रवार देर शाम तक आरोपी का कोई पता नहीं लग पाया था।

## खेलों में नई पहचान दिलाने प्रदेश के 55 जिलों से गुजर रही है 'टार्च रैली'

### खेलो एमपी के तहत आयोजित हो रही है यह रैली




**राजगढ़।** शासन द्वारा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने एवं प्रदेश को खेलों के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश का ओलंपिक 'खेलो एमपी' अंतर्गत प्रदेश के 55 जिलों से होकर गुजर रही खेलो एमपी टॉर्च रैली शुक्रवार को राजगढ़ जिले में पहुँची। मुख्यालय आगमन पर टॉर्च रैली का उत्साह के साथ स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों ने टॉर्च को गर्व के साथ थामते हुए खेल भावना, अनुशासन और प्रदेश के गौरव का संदेश दिया। टॉर्च रैली के स्वागत के दौरान वातावरण खेलों के प्रति जोश, उत्साह और राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत दिखाई दिया। संभागीय खेल अधिकारी शर्मिला डावर ने अपने संबोधन में कहा कि खेलो एमपी केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि प्रदेश के युवाओं को स्वस्थ जीवन, अनुशासन एवं उज्ज्वल भविष्य की ओर प्रेरित करने का एक सशक्त अभियान है। इस पहल से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के खिलाड़ियों को समान अवसर प्राप्त हो रहे हैं और प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का मंच मिल रहा है। टॉर्च रैली के माध्यम से जिले के युवाओं में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ "खेलेगा मध्यप्रदेश, बढ़ेगा मध्य प्रदेश" का संदेश जन-जन तक पहुँचाया गया।

### जनहित में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया

**सारंगपुर।** राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल के मुख्य अतिथ्य में श्याम परिवार के सहयोग से अमलतास अस्पताल देवास द्वारा श्री बालाजी मैरिज गार्डन में जनहित में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। वही श्री श्याम सेवा समिति सारंगपुर अध्यक्ष निलेश वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए इस शिविर में हृदय, कैंसर और मस्तिष्क रोग जैसी कई गंभीर बीमारियों का निःशुल्क परामर्श और सोनोग्राफी, इसीजी, एक्सरे, खून पेशाब की जांच की गई। जिसमे नगर सहित हजारों ग्रामीण जनो ने निशुल्क स्वास्थ्य सेवा का लाभ लिया। इस शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष भावना निलेश वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल जैन, मंडल महेश पुष्पद सहित अन्य मौजूद थे।

## श्री राम जानकी मंदिर में भजन संध्या का आयोजन संपन्न



कुरावर। नगर में गुरुवार को बस स्टैंड स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में प्रभु श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे वर्ष के पावन अवसर पर श्री राम जानकी मंदिर परिसर बस स्टैंड पर विशाल भजन संध्या का आयोजन सम्पन्न हुआ। गुरुवार रात्रि 8 बजे महाआरती और महाप्रसादी का आयोजन के पश्चात कानपुर से पधारी भजन गायिका दीपांशी तिवारी ने अपने भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी। उनके भजनों ने पूरे बस स्टैंड परिसर को श्रीराम के भजनों से सराबोर कर दिया और माहौल भक्तिभाव से भर दिया। श्री राम जानकी मंदिर समिति ने कार्यक्रम की तैयारी कर पूरे बस स्टैंड परिसर को सजाया था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे और उन्होंने भजन संध्या का आनंद लिया। इस अवसर पर श्री राम जानकी मंदिर समिति के सदस्यों ने दीपांशी तिवारी को सम्मानित किया और उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन श्री राम जानकी मंदिर समिति के सदस्यों ने किया।

## सालों बाद आसान हुई उद्भव नगर के बाशिंदों की राह

### नपा ने डामरीकृत करवाई ऊबड़-खाबड़ सड़क



**राजगढ़।** सालों से ऊबड़-खाबड़ पड़ी सड़क के चलते काफी परेशानियां उठा रहे उद्भव नगर के सैकड़ों बाशिंदों की राह अब कहीं जाकर आसान हो पाई है। दरअसल, नगर के वार्ड-15 स्थित उद्भव नगर की मुख्य सड़क पर अनेकों स्थानों पर कहीं गड्ढे हो रहे थे तो कहीं समय-समय पर पाईप लाईनों की खुदाई से क्षतिग्रस्त सड़क न केवल कॉलोनीवासियों बल्कि नगर के लोगों के लिए भी परेशानी का सबब बनी हुई थी। नगर पालिका में पारित हुए प्रस्ताव उपरान्त महाराष्ट्र कॉलोनी के समीप श्री खरे के मकान से संस्कृति होटल के सामने हाईवे तक सड़क को डामरीकृत करवाया गया है। हालांकि, खरला नाले की शुरूआत से ही इस सड़क को बनवाया जाना था। महज करीब दो सौ मीटर के हिस्से को बगैर डामरीकरण किए ही छोड़ दिया गया है। उधर, नगर पालिका के अधिकारियों का कहना है कि उक्त छूटे पोर्सन का निर्माण भी अगले फेज में करवाया जाएगा।

### पीतांबरी फूलों से हुआ बाबा का श्रंगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶खुजनेर

मालवा के खाटू धाम श्री श्याम मंदिर खूजनेर पर बसंत पंचमी पर्व पर बाबा श्याम का विशेष रूप से उज्जैन से बुलाये गए पीताम्बरी पुष्पों से श्रंगार किया गया बसंत पंचमी के दिन से विशेष रूप से बाबा श्याम का अंग वस्त्र बदला जाता हे और उस का वितरण श्याम भक्तों को होता है। दोपहर 12 बजे महाआरती हुई आरती की गई बाद विशेष रूप से शुद्ध घी से निर्मित पीताम्बरी कलर की बूंदी का वितरण किया गया बड़ी संख्या में श्याम भक्त मौजूद रहें।

## ऐतिहासिक हिंदू सम्मेलन व श्री रामलला प्राणप्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ मनाई गई

**कुरावर।** गुरुवार को सकल हिन्दू समाज द्वारा नगर कुरावर में ऐतिहासिक हिन्दू सम्मेलन एवं श्री रामलला प्राणप्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगाँठ को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में सनातनी हिन्दू समाज ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रभु रामलला की भव्य और दिव्य शोभायात्रा से हुई, जो नगर में भ्रमण कर गल्ला मंडी पहुंची। शोभायात्रा में कृष्णा हायट्स स्कूल द्वारा भारत युग परिवर्तन, आदर्श स्कूल द्वारा श्री राम दरबार, लर्निंग टेम्पल पब्लिक स्कूल द्वारा भारत माता, शौर्य पब्लिक स्कूल द्वारा शिव परिवार और होली एंजेलस द्वारा झांसी की रानी की झांकी शामिल थी। गल्ला मंडी में विशाल धर्मसभा का आयोजन किया गया, जिसमें भजन गायक श्री तरुण जमलिया और अजय वंशकार ने अपनी मंडली के साथ संगीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में पधारे संत सुरेश शास्त्री, अनीता अरोड़ा और




ब्यावरा जिला प्रचारक दीपक तोमर ने सर्व हिंदू समाज को संगठित रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में शाशकीय अधिवक्ता मनोहर मंडलोई, समाजसेवी सुशीलादीदी, बहन अमित अरोड़ा और नगर करवा लीला किशन पाल ने भागवत आचार्यी सुरेश शास्त्री और दीपक तोमर का शाल श्रीफल देकर स्वागत किया। सांस्कृतिक प्रस्तुति में कृष्ण हाइट्स स्कूल, चित्रांश पब्लिक स्कूल, कौशल्या देवी पब्लिक स्कूल और आदर्श पब्लिक स्कूल ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी।

### पचोर में पटवारियों की कलेक्टर से नाराजगी

## बिना पक्ष जाने निलंबन न्यायसंगत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

पचोर में शुक्रवार को पटवारियों ने कलेक्टर के हालिया निर्णयों के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते हुए तहसीलदार के माध्यम से कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। पटवारियों ने बिना पक्ष सुने निलंबन किए जाने, वेतन काटने के आदेश और सार्थक एप के माध्यम से जीपीएस लोकेशन ट्रैकिंग को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया। ज्ञापन सौंपते समय पटवारी बनवारी गुप्ता और लालसिंह भिलाला ने बताया कि जिले में कई पटवारियों को बिना कारण बताए और बिना सुनवाई का अवसर दिए निलंबित कर दिया गया है, जो प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है।

उन्होंने कहा कि जीरापुर के ज्ञानसिंह अहिरवार, नरसिंहगढ़ के प्रमोद तिवारी, सुठालिया के कैलाश भिलाला, खिलचीपुर के देवेंद्र मीणा और सुठालिया की श्रंखला परिहार को निलंबित किया गया है। वहीं पचोर तहसील के गोवर्धनप्रसाद नागर और ज्योति पांडे के वेतन काटने के आदेश जारी किए गए हैं, जिसे पटवारियों ने पूरी तरह अन्यायपूर्ण बताया। पटवारियों ने मांग की कि संबंधित कर्मचारियों को अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाए, क्योंकि यह उनका मौलिक और न्यायिक अधिकार है। इसके साथ ही उन्होंने सिंचाई संगणना वर्ष 2015-16 तथा कृषि संगणना वर्ष 2010-11 और 2015-16 का लंबित भुगतान शीघ्र जारी करने की मांग भी रखी।

### भीलवाड़ा से नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने वाला युवक सारंगपुर में पकड़ाया

**सारंगपुर।** भीलवाड़ा से एक नाबालिग युवती को बहला-फुसलाकर भगाने वाले युवक को सारंगपुर पुलिस ने समय रहते बस स्टैंड से पकड़ लिया। आरोपी युवती के साथ कई बाहर जाने की फिराक में बस का इंतजार कर रहा था। पुलिस पूछताछ में युवक ने ऐसे खुलासे किए, जिन्हें सुनकर पुलिस भी हैरान रह गई। थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे सारंगपुर बस स्टैंड पर पुलिस गश्त के दौरान एक युवक नाबालिग लड़की के साथ संदिग्ध अवस्था में खड़ा दिखाई दिया। पुलिस को देखकर युवक घबराया और इधर-उधर होने लगा। संदेह होने पर पुलिस ने युवक को रोका और सघन पूछताछ की, जिसमें उसने स्वीकार किया कि वह नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भीलवाड़ा (राजस्थान) से भगाकर साथ लाया है। थाना सारंगपुर पर नाबालिग से पूछताछ की गई, जिसमें उसने स्वयं को ग्राम छाजवो का खेड़ा, थाना मांडल, जिला भीलवाड़ा (राजस्थान) निवासी बताया। इसके बाद भीलवाड़ा कंट्रोल रूम से संपर्क कर संबंधित थाने से जानकारी ली गई।

## शिशु मंदिर में सरस्वती पूजन के साथ हुआ विद्यारंभ संस्कार



**सुठालिया ।** नगर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बसंत पंचमी के पावन पर्व पर यज्ञ हवन वेद पूजन के साथ हुआ छोटे भैया बहिनों का विद्यारंभ संस्कार । कार्यक्रम में शिशु वाटिका की बारह शैक्षिक व्यवस्थाएं क्रीड़ांगन,रंगमंच,बाल वाटिका, चिड़ियाघर,विज्ञान प्रयोगशाला,कला शाला आदि सजाई गई। शिशुओं ने माता के साथ यज्ञ में आहुति दी एवं पंडित ने मंत्र उच्चारण कर सभी शिशुओं से ओम एवं स्वास्तिक सिलेट पट्टी पर बनवाएं। नगर में ढोल ढामाको के साथ शोभायात्रा निकली गई जिसमें छोटे-छोटे भैया बहनों ने वेदों को सर पर रखा। शोभा यात्रा नगर के राम मंदिर में वेदों की पूजन कर शुरू हुई और नगर में मुख्य चैराहों से होते हुए विद्यालय में समापन हुआ।शिशु वाटिका के निमित्त शिशुओ के लिए स्मार्ट कक्षा कक्ष का भी उद्घाटन किया गया। कार्यकम में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री नारायण सिंह की पुत्र वधू पुष्पा पवांर,मुख्य वक्ता शिक्षिका रीना परमार,विशेष अतिथि पूजा शर्मा,विनीता साहू, सरिता पालीवाल, प्रीति चंदेल रही। कार्यक्रम संचालन सदी दीदी ने किया,आभार पूजा दीदी ने माना। सरस्वती पूजन में नगर की अनेक महिलाएं शिशु सम्मिलित हुए।

### बगैर सुनवाई का अवसर दिए हो रहे निलंबन पर जाहिर किया तीखा आक्रोष

# प्रशासनिक आदेशों के विरोध में पटवारी, तहसीलों में सौंपे ज्ञापन

### विभिन्न भुगतानों के लंबित होने सहित अन्य मांगें भी रखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

राजस्व विभाग की रीढ़ की हड्डी कहे जाने वाले पटवारी प्रशासनिक आदेशों के विरोध में उतर आए हैं। दरअसल, बीते दिनों कुछ पटवारियों के निलंबन प्रशासन द्वारा किया गया था। उक्त कार्यवाहियों को न्याय के प्राकृतिक सिद्धांत के प्रतिकूल करार देते हुए एवं अपनी अन्य मांगों को लेकर मुख्यालय सहित जिले की विभिन्न तहसीलों में पटवारी संघ द्वारा अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया। कलेक्टर के नाम सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि जिले में पदस्थ पटवारियों को बिना सूचना दिए अकारण ही निलंबित किया जा रहा है। गत दिवस ज्ञानसिंह अहिरवार जीरापुर, प्रमोद तिवारी नरसिंहगढ़, कैलाश भिलाला सुठालिया, देवेंद्र मीणा खिलचीपुर, श्रृंखला परिहार सुठालिया को भी निलंबन के नोटिस जारी किए गए जिनमें न्यायसंगत सुनवाई का अभाव रहा है। ज्ञापन में आगे उल्लेख है कि पर्याप्त सुनवाई का अधिकार प्राकृतिक न्याय का एक मौलिक सिद्धांत है जिसके तहत किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कोई निर्णय लेने से पूर्व पक्ष



रखने का उचित अवसर दिया जाए। यह निष्पक्ष प्रक्रिया का हिस्सा है।

### ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर भी जताया विरोध

पटवारी संघ सार्थक एप पर दर्ज की जाने वाली ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर भी रजामंद नहीं हैं। सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि सर्वप्रथम पटवारियों का कार्यक्षेत्र निश्चित किया जाए कि वे फील्ड कर्मचारी हैं या कार्यालयीन कर्मचारी हैं। यदि फील्ड कर्मचारी हैं तो सार्थक एप पर उपस्थिति की बाध्यता समाप्त की जाए। पटवारियों को अन्य विभाग के कार्यों के साथ लाइरन आर्डर की ड्यूटी की ड्यूटी एवं अन्य हल्कों में सीमांकन, रास्ता विवाद, अतिक्रमण हटाने जैसे कार्यों में भी लगाया जाता है, ऐसे में सार्थक एप पर उपस्थिति दर्ज किया जाना संभव नहीं है।

### भुगतानों से संबंधित मांगों का भी किया उल्लेख

पटवारी संघ ने विभिन्न परियोजनाओं में पटवारियों से करवाए गए कार्यों के लंबित भुगतानों के भी शीघ्र भुगतान की मांग रखी है। लघु सिंचाई परियोजा वर्ष 2015-16, कृषि संगणना वर्ष 2010-11 एवं 2015-16 की राशि का भुगतान पटवारियों को इतने वर्षों उपरान्त भी नहीं किया गया है। इसके साथ जिले में स्वामित्व योजना का कार्य लगभग पूर्ण होने के बाद भी प्रत्येक पटवारी का 7500 रुपए का भुगतान अटका हुआ है।

### ज्ञापन में यह भी रखी मांगें

पटवारी संघ द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में फार्मर आईडी बनाने में आ रही तकनीकी समस्याओं, आधार ई-केवायसी कार्य में आ रही विभिन्न टेक्निकल व अन्य दिक्कतों के बारे में भी विस्तार से अपनी बात रखी गई। इसके साथ ही सार्थक एप से जीपीएस लोकेशन साझा होने से निजता सार्वजनिक होने के खतरे का उल्लेख भी ज्ञापन में किया गया है।